स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन : डीएम ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

कंट्रोल रूम का भी किया निरीक्षण, सूचनाओं पर त्वरित काररवाई का निर्देश

दरभंगा (आससे)। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को जारी मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस क्रम में उन्होंने मूसा साह मध्य विद्यालय, आदर्श विद्यालय तथा समाहरणालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के संचालन, उपलब्ध सुविधाओं और निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यों की निगरानी एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की स्थिति की निगरानी, सूचनाओं के संकलन तथा प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मियों को मतदान से जुड़ी किसी भी सूचना पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।जिलाधिकारी कौशल कुमार के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार गौरव भी विभिन्न मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे थे।

जिला प्रशासन की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जा रही थी। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने और मतदान कार्य सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही थीं।

पूर्व प्रभारी शिक्षक हरिश्चंद्र कुमार व्यास के निधन पर विद्यालय में शोकसभा आयोजित

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय चंद्रदीपा (बेलिया) के नियोजित पंचायत शिक्षक एवं पूर्व प्रभारी हरिश्चंद्र कुमार व्यास (44) के असामयिक निधन पर विद्यालय परिवार में शोक की लहर है। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बेनीपट्टी गांव निवासी व्यास का निधन 16 अक्टूबर 2026 को शाम करीब पांच बजे हो गया। उनके निधन पर विद्यालय परिसर में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय कर्मियों ने दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोकसभा के बाद शिक्षकों, विद्यार्थियों, रसोइयों और ग्रामीणों ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यशैली को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि हरिश्चंद्र कुमार व्यास एक हरफनमौला शिक्षक थे। वे हर परिस्थिति में सभी के साथ घुल-मिलकर रहते थे। उनके व्यवहार और विशेषताओं को विद्यालय परिवार कभी नहीं भुला सकेगा। मौके पर प्रधान शिक्षक राहुल कुमार भारद्वाज, श्यामलाल मोची, अजीत पासवान, दीक्षा सिंह, गायत्री तिवारी, रूबी कुमारी, तालिमी मरकज के मो. जुबैर, रसोइया सैमुन निशा एवं नेमत खातून सहित विद्यालय अध्यक्ष, सचिव और ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद सदैव विद्यालय परिवार पर बना रहे।

लोडेड देसी कट्टा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

तेगच्छा गांव में पुलिस की संयुक्त छापेमारी, तीन आपराधिक मामले हैं दर्ज

कुशेश्वरस्थान (दरभंगा) (आससे)। नदी थाना क्षेत्र के तेगच्छा गांव में पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन के साथ गणेश पोद्दार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित नदी थाना क्षेत्र के झाझा गांव निवासी रामचंद्र पोद्दार का पुत्र है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



बिरौल एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि 22 अक्टूबर की शाम वाहन जांच के दौरान गश्ती पदाधिकारी पीटीसी कुमार अंजनी को सूचना मिली कि तेगच्छा गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद और तिलकेश्वर थानाध्यक्ष केशरी नंदन कुमार राम को गांव की घेराबंदी करने का निर्देश दिया गया। वहीं, नदी थानाध्यक्ष सुशील कुमार को छापेमारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके बाद संयुक्त पुलिस टीम ने एसएच-56 पर कुशेश्वरस्थान-फुलतोड़ा मार्ग से करीब 40 मीटर पश्चिम स्थित बाला मोटर गैराज के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार गणेश पोद्दार के विरुद्ध कुशेश्वरस्थान और नदी थाना में आर्म्स एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में तीन मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट जारी होने की बात भी सामने आई है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

कड़ी सुरक्षा के साथ एमएलसी चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

मोहिउद्दीन नगर (समस्तीपुर) (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के तहत शुक्रवार को मोहिउद्दीननगर प्रखंड परिसर स्थित पंचायत समिति भवन के दो मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। स्नातक निर्वाचन में 1341, जबकि शिक्षक निर्वाचन में 45 मतदाता सूचीबद्ध थे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पटोरी एसडीओ विकास पांडेय ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया तथा मतदाताओं के पहचान पत्रों की जांच की। समाचार भेजे जाने तब भी मतदान जारी है। इस बार वोटरों में काफी उत्साह देखा गया।

विधान परिषद निर्वाचन मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

खानपुर /समस्तीपुर (आससे)। प्रखंड में विधान परिषद स्नातक चुनाव में 789 और शिक्षक चुनाव में 24 मतदाताओं ने किया मतदान दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए खानपुर प्रखंड में सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ। मतदान शाम 4 बजे तक चला। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। स्नातक निर्वाचन में कुल 1,213 मतदाता थे। इनमें से 789 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने वालों में 166 महिलाएं और 627 पुरुष शामिल थे। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में कुल 25 मतदाताओं में से 24 ने मतदान किया।पीठासीन अधिकारी वींद्र कुमार ने बताया कि स्नातक निर्वाचन में 789 और शिक्षक निर्वाचन में 24 मतदाताओं द्वारा वोट डाले गए ।

दरभंगा स्नातक चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ

समस्तीपुर(आससे)। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को दरभंगा स्नातक चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में कुल मतदान केंद्र संख्या 1094 में 364 पुरुष एवं 177 महिला ने मतदान का प्रयोग किया। जिसमें कुल 49त्न मतदान हुआ ।वहीं मतदान केंद्र 59 (ए) 1096 में 536 मतदाता ने मतदान का प्रयोग किया। जहां शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो हुआ। वहीं मतदान केंद्र पर सदर एसडीओ राकेश कुमार डीपीआरओ संतोष कुमार एवं आवजरबर ने निरीक्षण किया।मतदान केंद्र के सुरक्षा व्यवस्था में थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार रावत सहित सभी पुलिस फोर्स लगे हुए थे।

निर्वाचन ब्रीफिंग से अनुपस्थित पाये गये पांच कर्मियों से स्पष्टीकरण

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत होगी कड़ी काररवाई, लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

मधुबनी (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है।



उन्होंने निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, मतदान दलों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर पूरी तत्परता, सजगता एवं जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार की संयुक्त उपस्थिति में मतदान कर्मियों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाचन कार्य से संबंधित दिशा-निर्देशों, निर्धारित एसओपी, दायित्वों एवं विधि-व्यवस्था संधारण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति तलब की गई जिसमें पांच कर्मी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण किया है। साथ ही, निर्वाचन संबंधी कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य एक महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं प्रशासनिक दायित्व है। इसमें प्रतिनियुक्त प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी को अपने निर्धारित कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध, अनुशासित एवं जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से करना अनिवार्य है। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल एवं एसओपी के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करें। मतदान प्रक्रिया के दौरान आपसी समन्वय एवं टीम भावना बनाए रखते हुए निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें तथा मतदान की प्रत्येक गतिविधि पर सजग निगरानी रखें।

उन्होंने विधि-व्यवस्था संधारण, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, मतदाताओं की सुविधा तथा मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। किसी भी समस्या अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित वरीय पदाधिकारी को देने तथा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जिलाधिकारी ने दोहराया कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मतदान कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। निर्वाचन संबंधी दायित्वों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

50.400 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

धरमपुर वार्ड चार में पुलिस ने की छापेमारी, शराब के साथ बाइक जब्त

जाले (दरभंगा) (आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के धरमपुर वार्ड चार में गुरुवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर 50.400 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। मौके से शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही एसपी होंडा बाइक भी जब्त की गई। जानकारी के अनुसार, प्रपुअनि मुन्ना कुमार के नेतृत्व में कमतौल थाना की पुलिस ने धरमपुर वार्ड चार में छापेमारी की। इस दौरान 180 एमएल की 280 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से बीआर07बीएल 8889 नंबर की एसपी होंडा बाइक जब्त करते हुए स्थानीय बदरुक बैठा के पुत्र नयन कुमार गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बिहार सरकार

कार्यालय का नाम- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)

मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)

निविदा आमंत्रण की सूचना (ई-टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

NIT No- 12/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक- 21/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक- 07/11/2026 को समय -11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक- 09/11/2026 को समय -11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष, नगर परिषद बाढ़।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक- 18/11/2026 समय- 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक- 19/11/2026 समय- 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. **कार्य की विवरणी–**

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website :- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं.- 03 में बाजितपुर कमरू मियां के घर एवं महावीर मिस्त्री खुर्शीद आलम कैलाश प्रसाद के घर से रिजवान अहमद के घर होते हुए भवानी चौक तक रोड एवं नाला निर्माण कार्य।	6853756	137100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
2	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 03 में शर्मा सर के घर से उमेश ठाकुर एवं युसुफ मियां के घर होते हुए दिलीप रजक के घर होते हुए कलीम मियां , नसीम मियां के घर होते हुए मेन रोड इसराईल मियां के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4232846	84700	5000	As Per Self-Generated	03 माह
3	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 10 में बांध रोड से निरंजन जी , रामप्रवेश जी के घर होते हुए कब्रिस्तान चाहारदिवरी तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	4502576	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
4	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 10 में बांध रोड पोस्ट ऑफिस के बगल से अरूण कुमार चन्द्रवशी , अशोक महतो ,टुनटुन जी , धनु यादव के घर होते हुए मसुद विगहा मेन रोड सोनल के घर तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य ।	5252385	105100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
5	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 15 में सत्यनारायण शर्मा के घर से रकेश विश्वकर्मा के घर तक एवं जयराम कुमार के घर से अजय पंडित के घर तक एवं चन्दन पंडित के घर से कारू चौधरी के घर तक एवं श्रवण पासवान के घर से अजय पंडित के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4198553	84000	5000	As Per Self-Generated	03 माह
6	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 16 में पिन्टु साव से शंम्भु ठठेरा, बब्लु जी के घर होते हुए उमानाथ रोड तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4686482	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
7	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 20 में मनोज कुमार (पोनी जी) के घर से पहलवान जी के घर होते हुए भाया शिशु ज्ञान स्कुल होते हुए प्रदिप के घर तक नाला निर्माण कार्य।	3567370	71400	5000	As Per Self-Generated	03 माह
8	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 24 में ढ़ेलवागोसाई मेन रोड से दुर्गा शर्मा , सहदेव तांती , सरजु मिस्त्री , सतीश शर्मा, राजो रवीदास तक एवं संजीत शर्मा के घर से बाबुलाल मिस्त्री भाया अनिल शर्मा के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4771684	95100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
9	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 26 में कांती तांती से जीओ पार्क रोड भाया सुनिल जी से पप्पु सिंह भाया हैपी मैरेज हॉल बाजीदपुर रोड से सुनिल देवी भाया गार्डेन मैरेज हॉल दयाचक मोड मुख्य सड़क तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5647362	113000	10000	As Per Self-Generated	03 माह
10	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 25 में धर्मेन्द्र कुमार के घर से ननु मियां के बोरिंग होते हुए अमृत पासवान के घर होते हुए श्याम यादव के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4801881	96100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
11	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 05 में कुन्दन जी , अवधेश जी ,छोटे सिंह , अशोक सिंह, विभिसन जी एव नवीन सिंह के घर होते हुए विक्की के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य ।	5185245	103800	10000	As Per Self-Generated	03 माह
12	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं. 1 में अलखनाथ रोड से अरूण कुमार अशोक कुमार , कौशल जी के घर होते हुए डॉ मदन मोहन के क्लिनीक एन. एच – 31 तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	6458015	129200	10000	As Per Self-Generated	03 माह
13	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 18 में अनिल जी के जमीन से अरूण मास्टर साहब के घर होते हुए दयानन्द , मो0 सलाउद्दिन , रिकु जी के घर होते हुए समुदायीक भवन तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5566682	111400	10000	As Per Self-Generated	03 माह
14	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं- 18 में गैस गोदाम रोड से गांधी मिस्त्री भाया मन्टु सिंह , जयप्रकाश नारायण तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	5062047	101300	10000	As Per Self-Generated	03 माह

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बाढ़

PR. No. 014091 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें, किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

मोहनपुर प्रखंड में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 86 प्रतिशत और स्नातक में 55.54 प्रतिशत पड़े मतदान

मोहनपुर(समस्तीपुर)। दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मोहनपुर प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया । प्रखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए दोनों मतदान केंद्रों पर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 86.36 प्रतिशत और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 55.54 प्रतिशत मतदान हुआ।

प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में कुल 33 मतदाताओं के नाम दर्ज थे। इनमें से 25 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि चार मतदाता रिपीटेड थे। वहीं, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मतदाता सूची में कुल 641 मतदाता दर्ज थे। इनमें से 356 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। मतदान सुबह आठ बजे से लेकर चार बजे तक चली ।पूरे दिन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहा। मोहिउद्दीननगर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवकुंज कुमार को मोहनपुर प्रखंड के निर्वाचन पीठासीन अधिकारी (पीओ) बनायें गये थे।

शराब मामले के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

जाले (दरभंगा) (आससे)। शराब मामले में फरार चल रहे कमतौल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी बिट्टू ठाकुर उर्फ विकास ठाकुर, पिता लक्ष्मण ठाकुर के घर कांड के अनुसंधानक एसआई सुभाष प्रसाद ने शुक्रवार को डुगडुगी बजवाकर कर इश्तेहार चिपकाया। यह मामला कमतौल थाना कांड संख्या 100/25 से संबंधित है। प्राथमिकी के अनुसार, 7 मई 2025 को रतनपुर गांव के पास एक बोलेरो पिकअप से 632.880 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। मामले में संजय ठाकुर और बिट्टू ठाकुर को नामजद किया गया था। इस संबंध में कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपित बिट्टू ठाकुर उर्फ विकास ठाकुर फरार चल रहा है। इश्तेहार के बाद भी आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार सरकार

राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

पुस्तक एवं जर्नल क्रय हेतु निविदा का प्रारूप

राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के केन्द्रीय पुस्तकालय / विभिन्न विभागीय पुस्तकालय हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के लिये मेडिकल के अद्यतन संस्करण के पुस्तक / जर्नल की आपूर्ति हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अंदर निम्नलिखित बिंदुओं पर ब्यौरा देते हुए The Federation of Publishers and Booksellers Association of India(FPBAI) मापदंड के शर्तों को पूरा करने वाले पुस्तक /जर्नल विक्रेता से निविदा मोहरबंद लिफ़ाफ़े में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक होगी। निविदा की नियम एवं शर्तें तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के कार्यालय से पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाईट https//gdschnalanda.ac.in डाउनलोड किया जा सकता है।

1. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदादाता को एक ही निविदा देनी होगी।
2. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। (तकनीकी लिफ़ाफ़े के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय लिफ़ाफ़े के ऊपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए।) दोनों निविदा एक बड़े लिफ़ाफ़े में मुहरबंद होगा जिस पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये पुस्तकालय के पुस्तक एवं जर्नल की आपूर्ति हेतु निविदा बड़े–बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में टंकित होना चाहिए।
3. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे दिन अपराह्न 12:30बजे दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते हैं।
4. निविदादाता को अग्रधन राशि के रूप में रुपये 1,00,000/– (एक लाख रुपया मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के पदनाम से देय होगा, को जमा करना होगा। अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदन के पश्चात जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी।
5. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिये क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। क्रय समिति को बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा नालंदा स्थित न्यायालय अथवा पटना न्यायालय में होगा। दी गई शर्तों में किसी शर्त को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
6. Federation of Publisher's and Booksellers Associations of Indiaका सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र नहीं रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा प्रथम दृष्ट्या रद्द कर दी जाएगी।
7. सफल निविदाकर्ता से इकरारनामा लिया जाएगा।
8. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नल का मूल्य Subscriptionदर से अधिक नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकों एवं जर्नल का प्रकाशन दर (संबंधित कंपनी) विपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. F.O.R केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा में होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
10. विदेशी प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर निविदा प्रकाशन में देना होगा।

प्राचार्य,
राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

PR- 013960 (Health) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मनीगाछी में शिक्षक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, स्नातक के लिए देर शाम तक लगी रही कतार

शिक्षक निर्वाचन में 90.79 प्रतिशत मतदान स्नातक के 778 मतदाताओं ने डाले वोट

मनीगाछी (दरभंगा) (आससे)। मनीगाछी प्रखंड में बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। शिक्षक निर्वाचन का मतदान निर्धारित समय शाम चार बजे तक शांतिपूर्ण संपन्न हो गया, जबकि स्नातक निर्वाचन के लिए देर शाम तक मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही।

प्रखंड में शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों पर कुल 152 मतदाताओं में से 138 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 114 पुरुष और 24 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार शिक्षक निर्वाचन में 90.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रखंड में कुल 1274 मतदाता पंजीकृत हैं। शाम छह बजे तक इनमें से 778 मतदाता अपने वोट डाल चुके थे।

उस समय भी एक सौ से अधिक मतदाता अपनी बारी के इंतजार में कतारबद्ध थे।

मतदान में देरी का एक कारण मतपत्र पर प्राथमिकता अंकित करने के लिए केवल एक काउंटर का होना बताया गया। बाद में दोपहर तीन बजे के बाद कतार में लगे मतदाताओं की सुविधा के लिए दो काउंटर बनाए गए, जिससे मतदान की गति में तेजी आई। देर शाम तक मतदाताओं की भीड़ को देखते हुए रात नौ बजे तक मतदान जारी रहने की संभावना जताई जा रही थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सपरिवार किया मतदान

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी : सरावगी

दरभंगा (आससे)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने राजेंद्र भवन (नगर भवन) स्थित बूथ संख्या 31 पर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



मतदान के बाद संजय सरावगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मतदान की स्थिति, मतदाता सहायता कार्यों तथा केंद्र पर उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली और निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की।

इस अवसर पर श्री सरावगी ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनभागीदारी में निहित है। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी से लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हुए विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनने का आह्वान किया।

समस्तीपुर के 58 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदान

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 83 फ़ीसदी, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र 47 फीसदी मतदान

समस्तीपुर (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर समस्तीपुर के 58 मतदान केंद्रों पर सुबह 8:00 बजे से मतदान हुआ। शाम के 4:00 बजे तक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 83 फ़ीसदी जब भी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 47 फ़ीसदी लोगों ने मतदान किया है शाम 4:00 बजे के बाद भी कुछ प्रखंडों में लाइन में लोगों के लगे रहने की सूचना मिल रही है। यहां बता दे कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए समस्तीपुर में कुल 34515 मतदाता है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 9868 है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 24647 है।